विचारार्थ बिंदु

परामर्शदाता-आरएचएस (सांख्यिकी प्रभाग)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली उपरोक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है:-

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व	• परामर्शदाता को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सांख्यिकी प्रभाग की पीआरसी इकाई में तैनात किया जाएगा और वह सीधे निदेशक, सांख्यिकी प्रभाग के अधीन कार्य करेगा।
पद के विस्तृत उत्तरदायित्व	• स्वास्थ्य के नए कार्यक्रमों के अनुसार ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन-सामग्री हेतु प्रपत्र तैयार करना। • प्रकाशन की अपेक्षा के अनुसार डाटा प्रोसेसिंग और सारणी बनाना। • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी के आंकड़ों का एचएमआईएस और पूर्ववर्ती ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन के साथ संकलन और विश्लेषण • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन हेतु आंकड़ों को अंतिम रूप देना। • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन हेतु अपेक्षित डाटा टेबुलेशन, ग्राफ और मानचित्र तैयार करने के साथ-साथ ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी के लिए सामग्री तैयार करना। • मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन संबंधी फाइलें तैयार करना। • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन के डिज़ाइन और मुद्रण के लिए निविदा दस्तावेज तैयार करना। • आंकड़ों के संग्रहण के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करना। • विसंगतियों या समयबद्ध रिपोर्टिंग से संबंधित आंकड़ों को प्राप्त करने के बाद राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई (फोलो-अप) करना। • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन के लिए तकनीकी और वित्तीय बोलियों के लिए बैठकों का आयोजन और समन्वयन। • ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रकाशन के डिज़ाइन और मुद्रण तथा प्रकाशन की अंतिम प्रति की प्रूफ रीडिंग के लिए वेंडर (विक्रेता) के साथ समन्वय। • विभिन्न हितधारकों को ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी की प्रकाशन-सामग्री के वितरण से जुड़ा कार्य। • विक्रेताओं को निधियां निर्मुक्त करना। • रिपोर्टकर्ता अधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य कार्य
योग्यता	
आयु सीमा	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 45 वर्ष
न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता	स्वास्थ्य प्रबंधन/जन स्वास्थ्य/सांख्यिकी/सूचना प्रौद्योगिकी/हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स में कम से कम स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा
न्यूनतम अनुभव	परामर्शदाता को अर्हता प्राप्त करने के बाद स्वास्थ्य आंकड़ा प्रबंधन और विश्लेषण में कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।
वांछित कौशल और क्षमताएं	• डाटा हैंडलिंग/आंकड़ा विश्लेषण में दो वर्ष का अनुभव एमएस-ऑफिस और सांख्यिकी सॉफ्टवेयर (एसएएस, एसपीएसएस आदि) में कार्य करने का ज्ञान • आरसीएच कार्यक्रमों की अच्छी जानकारी रखने वाले उम्मीदवार लाभ की स्थिति में होंगे। • जो उम्मीदवार राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एमआईएस में पहले ही कार्य कर चुके हैं उन्हें वरीयता दी जाएगी। • सामान्य तौर पर प्रयुक्त विंडोज, एमएस ऑफिस और अन्य सॉफ्टवेयर पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी के साथ कंप्यूटर दक्षता • तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए दूसरे राज्यों और जिलों में यात्रा करने की सहमति और नियत कार्यों (एसाइनमेंट) को समय पर पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न नियत कार्यों के निष्पादन की योग्यता। • औपचारिक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव और आयु सीमा में उपयुक्त उम्मीदवारों को छूट दी जा सकती है।
अन्य अनुबंध व शर्तें	• पद से त्याग-पत्र देने के लिए एक महीने पहले नोटिस देना होगा। • भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तैयार रहना।
स्थान	नई दिल्ली
पारिश्रमिक	प्रतिमाह रु. 60,000/- से रु. 90,000 के बीच **(समेकित)**

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **10-Jan-2020** तक केवल hmis.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।